प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. उच्चतम न्यायालय ने वक्फ कानून पर नहीं दिया अंतरिम आदेश, पश्चिम बंगाल में हिंसा पर जताई चिंता, आज भी होगी मामले की सुनवाई।
2. राज्य के मंत्री हफीजुल के संविधान को लेकर विवादित बयान के खिलाफ राजधानी रांची में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन आज।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में निवेश और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी साझेदारी को लेकर स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर कल होंगे रवाना।
4. झारखंड उच्च न्यायालय ने 26 हजार आचार्य शिक्षकों की नियुक्ति में देरी पर जताई नाराजगी, तीन माह के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश।
5. खूंटी में आयोजित राइफल ओपन शूटिंग चैंपियनशिप का हुआ समापन, अलग–अलग श्रेणी के विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित।

*****************

उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया है। इससे पहले केंद्र ने शीर्ष अदालत द्वारा उठाए गए तीन बिंदुओं पर अपनी दलीलें तैयार करने के लिए और समय मांगा था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ इन याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। अब शीर्ष अदालत इस मामले पर आज दोपहर दो बजे फिर सुनवाई करेगी।

मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने वक्फ अधिनियम में संशोधन के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भड़की हिंसा पर भी चिंता जताई है।

*****************

राज्य के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान को लेकर विवादित बयान के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला की ओर से आज रांची के जिला स्कूल मैदान में आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा।

इधर, कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि संविधान सर्वोपरि है।

*****************

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज राजधानी रांची के नामकुम में 220 बिस्तरों वाले नव निर्मित ईएसआईसी अस्पताल का उद्‌घाटन करेंगे। यह अत्याधुनिक अस्पताल झारखंड राज्य में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

*****************

राज्य के सभी जिलों में 88 केंद्रों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दो हजार एक सौ नौ लोगों की समस्यायें सुनीं गईं और कई मामलों का तुरंत निपटारा कर दिया गया। इधऱ जामताड़ा में पुलिस उपाधीक्षक संजय सिंह ने बताया कि 72 मामलों पर सुनवाई हुई।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम कल स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जाएगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य में निवेश और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी साझेदारी की पहचान करना है। टीम में मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन सहित कई वरीय अधिकारी शामिल हैं।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय में राज्य के स्कूलों में लगभग 90 हजार  शिक्षकों की कमी को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने दो से तीन माह के अंदर आचार्य शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया।

वहीं एक अन्य मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के प्लस टू उच्च विद्यालयों में स्वीकृत एक हजार तीन सौ तिहत्तर शिक्षकों की नियुक्ति तीन माह के अंदर करने का निर्देश दिया।

*****************

पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लगभग 10 लाख रूपये मूल्य का सोना बरामद किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि इन चोरों के पास से हथियार भी बरामद हुए हैं।

*****************

साहिबगंज जिले के सभी प्रखंडों, सदर अस्पताल और अनुमंडलीय अस्पतालों में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

*****************

मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, सिमडेगा और गुमला को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में आज बादल गर्जन और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं अगले पांच दिनों तक बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

खूंटी में आयोजित चार दिवसीय खूंटी राइफल ओपन शूटिंग चैंपियनशिप का समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीएफओ दिलीप कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य राइफल क्लब एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर सिंह और जनरल सेक्रेटरी उत्तम चांद देबुका ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस चैंपियनशिप में लगभग 200 खिलाड़ी शामिल हुए।

*****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां—</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने उच्चतम न्यायालय में वक्फ संशोधन कानून पर सुनवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने झारखंड हाईकोर्ट में सहायक आचार्य नियुक्ति मामले की सुनवाई की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिंदुस्तान ने राज्य के कलाकारों के पांच लाख रूपये के बीमा की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण ने केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकताओं को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने वित्त आयोग से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है जिसका शीर्षक है— राज्य को एक हजार एक सौ सैंतालीस करोड़ रूपये कम मिलेंगे, योजनाओं की रफ्तार भी धीमी होगी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने कांग्रेस के रांची में ईडी कार्यालय घेराव की खबर को प्रमुखता दी है।

*****************